'समानो मन्त्रः समितिः समानी'

UNIVERSITY OF NORTH BENGAL

B.A. Minor 1st Semester Examination, 2023

UHINMIN10001-HINDI

हिंदी काव्य

Time Allotted: 2 Hours 30 Minutes   Full Marks: 60

The figures in the margin indicate full marks.

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर ***एक या दो शब्दों*** में लिखिए — 1×8 = 8

(क) कबीर के गुरु का क्या नाम था ?

(ख) तुलसीदास की ब्रजभाषा में रचित किसी एक रचना का नाम लिखिए।

(ग) बिहारी सतसई में कुल कितने दोहे हैं ?

(घ) घनानन्द किसके दरबारी कवि थे ?

(ङ) भारतेन्दु द्वारा सम्पादित किसी एक पत्रिका का नाम लिखिए।

(च) 'राम की शक्ति पूजा' किसकी रचना है ?

(छ) अज्ञेय का जन्म कब हुआ था ?

(ज) रघुवीर सहाय की किसी एक कविता का नाम लिखिए।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं ***पाँच*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए — (अधिकतम 30 शब्दों में) 2×5 = 10

(क) कबीर ने सतगुरु की महिमा के बारे में क्या कहा है ?

(ख) तुलसीदास ने राम नाम को जीभ के द्वार पर रखने की बात क्यों की है ?

(ग) बिहारी ने किसे 'भव बाधा' कहा है ?

(घ) घनानन्द ने प्रेम के मार्ग को 'अति सूधो' क्यों कहा है ?

(ङ) 'निज' भाषा की उन्नति क्यों जरूरी है ?

(च) 'गुरु हथौड़ा हाथ' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(छ) अज्ञेय की कविता में साँप किसका प्रतीक है ?

(ज) रघुवीर सहाय ने 'पढ़िए गीता' कविता में किस पर व्यंग्य किया है ?

3. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** पद्यांशों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए — (अधिकतम 150 शब्दों में) 4×3 = 12

(क) "प्रेम न खेतौं नीपजै, प्रेम न हाटि बिकाई।
राजा परजा जिस रुचै, सिस दे सो ले जाई॥"

(ख) "राम राज राजत सकल, धरम निरत नर नारि।
राग न रोष न दोष दुख, सुलभ पदारथ चारि ॥"

(ग) "दृग उलझत टूटत कुटुम, जुरत चतुर चित प्रीति,
परति गाँठि दुरजन हिये, दई नई यह रीति ॥"

(घ) "अंग्रेजी अरु फारसी अरबी संस्कृत ढेर
खुले खजाने तिनहिं क्यों लूटत लावहु देर ॥"

(ङ) "लकड़ी सीली, तबियत ढीली
घर की सबसे बड़ी पतीली
भरकर भात पसाइए।"

4. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए — (अधिकतम 600 शब्दों में) $10 \times 3 = 30$

(क) "कबीर काव्य का मुख्य स्वर समाज सुधार है"। — इस कथन की समीक्षा कीजिए।

(ख) 'तोड़ती पत्थर' शीर्षक कविता के भाव सौन्दर्य पर प्रकाश डालिए।

(ग) भारतेन्दु के 'नये जमाने की मुकरिया' में निहित व्यंग्य पर प्रकाश डालिए।

(घ) अज्ञेय की काव्यगत विशेषताएँ लिखिए।

(ङ) बिहारी की लोकप्रियता में उनकी बहुज्ञयता की भूमिका निर्धारित कीजिए।

———×———